JALAUN POLICE

दिनांक – 13.01.2025

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में कोतवाली कालपी पुलिस द्वारा षड़यन्त्र व धोखाधड़ी कर फर्जी मुकदमें में फसाने वाले गिरोह का भण्डा फोड़ कर 03 अभियुक्तगणो को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

अवगत कराना है कि दिनांक 31.10.2024 को धोखाधडी फर्जी व कूटरचित अभिलेख तैयार कर उसका असली के रूप में प्रयोग करने तथा अपराधिक षड़ंयत्र करने के संबन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर कोतवाली कालपी में अन्तर्गत धारा- 193/ 195/ 198/ 205/ 211/ 468/ 469/ 471/ 120बी भादवि बनाम 1. सिमरन पुत्री गजेन्द्र उम्र करीब 23 वर्ष निवासी मुहल्ला दमदमा काली हवेली के पास थाना कालपी जनपद जालौन 2.कपिल सिंह चौहान पुत्र किशोर सिंह चौहान निवासी टरननगंज थाना कालपी जनपद जालौन 3.विजय कुमार पुत्र हरनारायण निवासी मुहल्ला रावगंज थाना कालपी जनपद जालौन हाल निवासी बड़ा बाजार थाना कालपी जनपद जालौन 4.अन्य व्यक्ति नाम पता अज्ञात अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियोग उपरोक्त के नामित अभि0गण द्वारा कूट रचित पहचान-पत्र मार्कशीट आदि तैयार कर उनके आधार पर 02 व्यक्तियों के विरूद्ध सामूहिक दुष्कर्म का अभियोग पंजीकृत कराया गया था। घटना के अनावरण हेतु प्र0नि0 कोतवाली कालपी के नेतृत्व में SIT का गठन किया गया था। SIT के सहयोग हेतु जनपद की एसओजी टीम को भी नियुक्त किया गया था। टीमों द्वारा साक्ष्य एकत्रित कर घटना का सफल अनावरण करते हुये गिरोह के सरगना नवीन शर्मा एवं उसके सहयोगी को प्रकाश में लाया गया। जिसमें अभियुक्त विजय कुमार उपरोक्त को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल में निरूद्ध किया गया था एवं अभियुक्त 1. कपिल सिंह चौहान पुत्र किशोर सिंह चौहान निवासी म0नं0 186 तुलसीनगर थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन 2. विशाल विश्वकर्मा पुत्र सुनील विश्वकर्मा निवासी मुहल्ला कागजीपुरा कस्वा व थाना कालपी जनपद जालौन हाल निवासी चार खम्भे के पास मोहल्ला पटेल नगर थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन को आज दिनांक 13.01.2025 को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी। अभि0 नवीन शर्मा एवं सिमरन की गिरफ्तारी हेतु टीमे गठित है तथा घटना के अन्य पहलुओं पर गंभीरता से विवचना की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. कपिल सिंह चौहान पुत्र किशोर सिंह चौहान निवासी म0नं0 186 तुलसीनगर थाना कोतवाली उरई जिला जालौन
2. विशाल विश्वकर्मा पुत्र सुनील विश्वकर्मा निवासी मुहल्ला कागजीपुरा कस्वा व थाना कालपी जिला जालौन हाल निवासी चार खम्भे के पास मोहल्ला पटेल नगर थाना कोतवाली उरई जिला जालौन (जांचोपरान्त प्रकाश में आने पर)

पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक कालपी मय पुलिस टीम।